सूर्य किरण सैन्य अभ्यास

स्रोत: BS

जनवरी 2025 में भारत और नेपाल के बीच **भारत-नेपाल** संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास "सूर्य किरण" **का 18वाँ** संस्करण नेपाल के सलझंडी में आयोजित किया जा रहा है।

- अभ्यास का 17वाँ संस्करण दिसंबर 2023 में उत्तराखंड में आयोजित किया गया था।
- **सूर्य किरण अभ्यास:** यह भारत और नेपाल के बीच **प्रतिवर्ष** आयोजित होने वाला सैन्य अभ्यास है, जो **दोनों देशों में बारी-बारी से** आयोजित किया जाता है।
- **उद्देश्य:**
    - **आतंकवाद-रोधी अभियानों, जंगल में युद्ध** और **पर्वतीय अभियानों** में दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना।
    - संयुक्त राष्ट्र (UN) चार्टर के अंतर्गत मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) में समन्वय में सुधार करना।
    - **परिचालन तैयारियों, विमानन पहलुओं, चिकित्सा प्रशिक्षण** और **पर्यावरण संरक्षण** को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना।
- **भारत-नेपाल संबंध:** नेपाल पाँच भारतीय राज्यों: **सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है।**
    - **वर्ष 1950** में हस्ताक्षरित भारत-नेपाल **शांति और मैत्री संधि इन देशों के** विशिष्ट द्विपक्षीय संबंधों को आधार प्रदान करती है।
    - **कोशी समझौता** (1954, संशोधित 1966), महाकाली संधि (1996) और **गंडक समझौता** (1959, संशोधित 1964) भारत और नेपाल के बीच प्रमुख जल-साझाकरण समझौते हैं।

अधिक पढ़ें: भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/surya-kiran-military-exercise